प्रेस–विज्ञप्ति

तूफान ने तोडी किसानों की कमर खेतों में सड़ रही फसल, सरकारी सिस्टम नदारद

अर्नव तुफान के अकवान चक्रवात में कृषक श्री बबलू तिवारी, विकास खण्ड–जशपुर, जिला–जशपुर (छ.ग.) के धान फसल नुकसान होने का पत्रिका न्यूज, दैनिक समाचार पत्र में तूफान ने तोडी किसानों की कमर खेतों में सड़ रही फसल, सरकारी सिस्टम नदारद प्रकाशित हुआ है। बीमा कंपनी एवं विभागीय मैदानी अमलों के द्वारा फसल फसलक्षति की निरीक्षण जा रही है। फसलक्षति होने की स्थिति में जिन किसानों के द्वारा बीमा कराई गई है, उन्हें फसलक्षति की जानकारी टोल फ्री नंबर–14447 में कृषक को 72 घंटे के अंदर सूचना देने की जानकारी दी जा रही है साथ ही जिन कृषकों के द्वारा बीमा नहीं कराई गयी है, उनका फसलक्षति का आकलन कर आर.बी.सी. 6–4 के तहत मुआवजा राशि का मैदानी अमलों के द्वारा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले में अद्यतन स्थिति में फसलक्षति का आकलन कर आर.बी.सी. 6–4 के तहत मुआवजा राशि भुगतान हेतु 432 प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में जमा की गई है साथ ही फसल बीमा कराने वाले कृषकों को अद्यतन स्थिति में 50 किसानों को कुल 30.27 लाख रू. मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है।

सही/–
उप संचालक कृषि
जशपुर (छ.ग.)

कार्यालय उप संचालक कृषि जशपुर, जिला–जशपुर (छ.ग.)

क्र./टी–1/प्रेस.विज्ञप्ति/2026–27/**4540** जशपुर, दिनांक **23.11.2026**

प्रति,

सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क अधिकारी, कलेक्टोरेट परिसर जशपुर, की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्त विज्ञप्ती जशपुर जिले के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

उप संचालक कृषि
जशपुर (छ.ग.)